Title: Need to run direct train from Rewa to Delhi and Jabalpur and demand to set up computerised railway reservation office at Rewa.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा): सभापति महोदय, रीवा पुराने विन्ध्य प्रदेश की राजधानी रही है और यह सम्भाग मुख्यालय भी है लेकिन रीवा से दिल्ली के लिये कोई सीधी रेलगाड़ी नहीं है। मैं भारत सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जब तक रीवा से दिल्ली सीधी रेलगाड़ी नहीं चालू की जाती तब तक रीवा को इलाहाबाद से जोड़ दिया जाये ताकि इलाहाबाद से प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन से हम लोग दिल्ली के लिये आ सकें। अगर यह भी नहीं किया जा सकता तो महाकौशल एक्सप्रेस जो जबलपुर से चलती है, उसे या महामाया एक्सप्रेस को रीवा से चलाया जाये या ३-४ डिब्बे उसमें जोड़ दिये जायें क्योंकि इसी समय से जबलपुर से महामाया एक्सप्रैस चलती है और महाकौशल एक्सप्रैस का जबलपुर से चलाए जाने का कोई विशेष महत्व नहीं हैं । करनी स्टेशन तक दोनों ट्रेनें करीब करीब एक साथ पहुंचती हैं । इसी प्रकार रीवा से जबलपुर हाईकोर्ट जाने के लिये कोई सुबह कोईं रेलगाड़ी नहीं है। मेरी मांग है कि रीवा से जबलपुर के लिये प्रातः कोई एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाये। साथ ही रीवा में कम्प्युटरीकृत रेल आरक्षण कार्यालय की व्यवस्था भी की जाये।